
# जेसीबी से कराई गई नाली की सफाई, तब हुआ समस्या का समाधान



लालगंज के बामी गांव में हुआ जलभराव। संवाद



सीएचसी राजगढ़ मार्ग पर जल भराव वाले स्थान पर डाली गई मिट्टी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

लालगंज। क्षेत्र के बामी गांव की महुवरिया बस्ती में बुधवार को दोपहर में जोरदार बारिश के बाद हाईवे की सड़क जलमग्न हो गई। नाली जाम होने के कारण कई घरों में पानी घुस गया। एसडीएम ने बृहस्पतिवार को सुबह लेखपाल को भेजकर नाली नाली की सफाई कराई, तब समस्या का समाधान हुआ।

बुधवार को क्षेत्र में तेज बारिश हुई। हाईवे किनारे की नाली जाम होने के कारण बारिश का पानी महुवरिया बस्ती के घरों में घुस गया। रफिउल्ला, अख्तर, असर्फुल, नसीर, अमीना, ननकाउ समेत कई लोगों के घरों में पानी घुसने से उनके परिवारों को रातभर जगना पड़ा। कई लोगों ने पड़ोसियों के घर में शरण ली।

ग्रामीणों ने पंप लगाकर पानी निकालने की कोशिश की, तब भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। बृहस्पतिवार को सुबह एसडीएम संजीव कुमार यादव के निर्देश पर लेखपाल मौके पर पहुंचे। जांच करने पर पता चला कि नाली पूरी तरह बंद है।

इसके बाद एनएचएआई की निर्माण कंपनी डीबीएल ने जेसीबी लगवाकर नाली की सफाई कराई, तब पानी का बहाव शुरू हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि घरों में गंदगी भरी है और दीवारों में सीलन आ गई है। वहीं, एसडीएम संजीव कुमार यादव ने बताया कि नाली की सफाई करा दी गई है। बस्ती में अब जलभराव की समस्या नहीं होगी।

## जलभराव की समस्या का समाधान कराया

राजगढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मार्ग पर कंपोजिट विद्यालय गेट के सामने बृहस्पतिवार को जलभराव की समस्या का समाधान कराया गया। ग्राम पंचायत की ओर से मिट्टी डलवाकर रास्ते को समतल कराया गया। बीडीओ वीरेंद्र प्रताप वर्मा ने बुधवार को निरीक्षण के दौरान रास्ते पर पानी भरा देखकर नाराजगी जताई थी। उन्होंने ग्राम प्रधान और सचिव को तत्काल रास्ते को समतल कराकर समस्या का समाधान कराने का निर्देश दिया गया था। बृहस्पतिवार को ग्राम प्रधान ने गिट्टी और मिट्टी डलवाकर रास्ते को समतल कराया। इससे अस्पताल आने वाले मरीजों और कंपोजिट विद्यालय के बच्चों को सहूलियत होगी। संवाद


**इंडियन बैंक Indian Bank**

**इलाहाबाद ALLAHABAD**

**मण्डलीय कार्यालय - पुतलीघर, नटवाँ, मिर्जापुर**

**कार्यालय परिसर को पट्टे पर देने के लिए निविदाएं आमंत्रित करने की सूचना**

सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक इंडियन बैंक, लीज आधार पर ( तैयार निर्मित / निर्माणाधीन परिसर) की पेशकश करने के इच्छुक परिसर के मालिको से 2 बोली प्रणाली (तकनीकी और वित्तीय बोली) के तहत निविदाएं आमंत्रित करता है।

रॉबर्ट्सगंज अपनी शाखा/एटीएम स्थापित करने के लिए 15 वर्ष की लीज अवधि के लिए पार्किंग सुविधा के साथ **1200** से **1500** वर्ग फीट का कारपेट क्षेत्र, अधिमानतः भूतल में।

निविदा प्रपत्र इंडियन बैंक अंचल कार्यालय मिर्जापुर (परिसर विभाग) पुतलीघर, निकट जानवी होटल, मिर्जापुर 231001, उ0प्र0 से प्राप्त किए जा सकते है या बैंक की वेबसाइट **www.Indianbank.in** से 04.07.2025 से 19.07.2025 तक डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोलिया जमा करने की अंतिम तिथि 19.07.2025 (15.00 बजे) है और विधिवत भरी गई निविदाएं निर्धारित प्रारूप में उसी पते पर जमा की जानी हैं।

निविदाएं दो अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में तकनीकी बोली और वित्तीय बोली सहित दो कवर प्रणाली में प्रस्तुत की जानी हैं, जिस पर "तकनीकी बोली", या "वित्तीय बोली" लिखा होना चाहिए।

तकनीकी बोलियाँ 19.07.2025 को 17.00 बजे खोली जाएंगी।

अपूर्ण निविदाएं/विलंबित निविदाएं/निर्दिष्ट प्रपत्र में न होने वाली निविदाएं अस्वीकार कर दी जाएंगी।

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी संगठनों की निविदाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी प्रस्तावों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

एजेंटो/दलालो की निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी।

**आंचलिक प्रबंधक, इंडियन बैंक,**
**आंचलिक कार्यालय, मिर्जापुर**


# बच्चों को स्वच्छ पे
# ताजा खाना मिले :

लालगंज। खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को कई गांवों का दौरान कर विकास कार्यों की हकीकत देखी। इस दौरान उन्होंने स्कूलों में स्मार्ट क्लास, एमडीएम शेड, शौचालय का जायजा लिया। कहा कि विद्यालयों में बच्चों को स्वच्छ पेयजल और ताजा खाना मिलना चाहिए।

बीडीओ ने छह मॉडल शॉप, कोठी और दुबार कला में संचालित स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया। वहीं, नदौली करौंदी व सेमरी कला, महादेव गांवों में एमडीएम शेड का जायजा लिया। उन्होंने नवनिर्मित शौचालयों में गंदगी देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि लालगंज और लहंगपुर में लाइब्रेरी का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

वहीं, ब्लॉक परिसर में टेनिस व वॉलीबॉल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बताया कि छह सफाई टोलियां बनाई गई हैं, जो गांवों में जलभराव और गंदगी समस्या का निस्तारण करेंगी। निरीक्षण के दौरान एडीओ कृषि संजय पटेल, एडीओ आईएसबी व एसके सिंह मौजूद रहे। संवाद

## परमि
## स्कूल

मिर्जापु
बृहस्पति
की। इस
संचालि
सीज क
किया ग
एआ
कि एक
खिलाफ
फिटनेस
बृहस्पति
35 स्कू
अदलह
एक स्
कार्रवा
अन
का च
जुलाई
वाहन
फिटने
जाते
होगी।